(b) to (d) D_0 not arise.

U. S. Senate Foreign Relations Committee's Resolution for Imposing Ban on Aid to Pakistan

1098. SHRI PYARELAL KHANDELWAL; Will the PRIME MINISTER be pleased to state;

(a) whether Government's attention ha$_s$ been drawn to the. report that the U. S. Senate's Foreign Relations Committee has unanimously adopted an amendment imposing strict conditions on extension of military and economic aid to Pakistan; and

(b) if so, what is Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF STATE ESI THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS **(**SHRI A. A. RAHIM**);** (a) Yes, Sir.

(b) Th$_e$ Senate Foreign Relations Committee, however, reversed itself on this amendment subsequently and *status quo* continues. Therefore, the question of Government's reaction does not arise.

डोलोमाइट के खनन हेतु पट्टा देने से मध्य प्रदेश सरकार द्वारा इन्कार किया जाना

1099. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल :** क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश सरकार ने काकर घाटी में डोलोमाइट के खनन हेतु पट्टा देने से इंकार कर दिया हैं ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं और क्या इस निर्णय से किसी इस्पात संयंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है ; और

(ग) क्या केन्द्रीय सरकार इस सम्बन्ध में कोई उपचारी कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एन० के० पी० साल्वे) : (क) से (ग) मध्य प्रदेश के काकर घाटी क्षेत्र में डोलोमाइट के किसी खनन पट्टे की मनाही के बारे में केन्द्र सरकार को कोई जानकारी नहीं है। इस तरह की मनाही की बात किसी भी इस्पात कारखाने ने केन्द्र सरकार के ध्यान में नहीं लाई है। अगर खनन पट्टा आवेदक कोई व्यथित पार्टी केन्द्र सरकार को पुनरीक्षण आवेदन प्रस्तुत करती है, तो केन्द्र सरकार खान और खनिज (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1957 तथा खनिज रिआयत नियमावली, 1960 के तहत गुणदोष के आधार पर उपचार की कार्यवाही करती है ।

बस्तर से डोलोमाइट परियोजना का अन्यत्र ले जाया जाना

1100. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल :** क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बस्तर के लिये प्रस्तावित डोलोमाइट परियोजना को अकलतारा अथवा किसी अन्य स्थान पर ले जाने का का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि नहीं, तो बस्तर में डोलोमाइट परियोजना का निर्माण कार्य कब तक शुरू किये जाने की संभावना है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री एन० के० पी० साल्वे) : (क) जी, नहीं ।